DAINIK JAGRAN, Meerut, 23.11.2024
Page No. 3, Size:(21.56)cms X (19.09)cms.

गेल गैस का खुद बिल निकालें, 20 रुपये बचाएं

- गेल का सहज पीएनजी मित्र मोबाइल एप को एप स्टोर से डाउनलोड करें
- वर्ष में छह बार जमा करना है बिल, हर बार मिलेगी 20 रुपये की छूट

जागरण संवाददाता, मेरठ : अगर आपके घरेलू गेल गैस यानी पीएनजी का बिल हर दो महीने पर रीडिंग से अधिक आता है या फिर बिल जमा करने के बाद भी रीडिंग में संशोधन नहीं हो रहा है तो गेल ने इसका समाधान निकाला है। इस समस्या से बचने के लिए आप स्वयं भी बिल निकाल सकते हैं और स्वयं ही बिल का भुगतान आनलाइन कर सकते हैं।

स्वयं बिल निकालने और स्वयं आनलाइन जमा करने से दूसरा लाभ भी है। यह है धन की बचत। हर बार आपकी 20 रुपये की बचत होगी। दरअसल, जब हर दो महीने पर आपका मीटर देखकर ठेकेदार बिल बनाते हैं तो उसका 10 रुपये शुल्क उपभोक्ता से लिया जाता है। जब उसका भुगतान करने कार्यालय जाते हैं तब उसका भी 10 रुपये शुल्क लिया जाता है। एक साल में छह बार यह बिल तैयार होता यानी हर दो महीने पर। स्वयं बिल निकालने से आप परेशानी से बचे रहेंगे। गेल गैस मेरठ के महाप्रबंधक विनय कुमार ने बताया कि एप से बिल बनाना और जमा करना आसान और किफायती है।

बिल में अधिक आ रही रीडिंग, परेशान हैं उपभोक्ता : गेल गैस की ओर से निजी कंपनी को मीटर रीडिंग का ठेका दिया गया है। इन ठेकेदारों के कर्मचारी मौके पर जाकर रीडिंग जांचने के बजाय औसत के अंदाज से बिल तैयार कर भेज देते हैं। इसके कारण अधिकांश उपभोक्ताओं को हर बार उपयोग से अधिक बिल जमा करना पड़ रहा है। जब बिल जमा करते हैं तो अगली बार बिल संशोधित भी नहीं होता है। ऐसे में उपभोक्ताओं में चिंता रहती है।

ये है स्वयं बिल निकालने का तरीका

पहले एप में बीपी नंबर डालकर लागिन करें। इसमें ओटीपी आने के बाद पासवर्ड बनाना होगा। फिर सेल्फ बिलिंग के विकल्प पर जाएं। इसके बाद कुछ विवरण मांगा जाएगा उसके बाद रीडिंग भरें। उसके बाद मीटर की फोटो अपलोड करनी होगी। फिर सबमिट के विकल्प पर क्लिक करें। सबमिट क्लिक करने के कुछ सेकेंड बाद बिल आ जाएगा। फिर उस के आधार पर उसी समय एप पर ही भुगतान का विकल्प खुलकर आ जाएगा। अब चाहें तो उसी समय भुगतान कर दें या फिर बाद में किसी भी आनलाइन प्लेटफार्म से भुगतान कर दें।